This question paper contains 16+8 printed pages]

**Roll No.** | | | | | | | | | | | |

| | | |
|---|---|---|
| S. No. of Question Paper | : **6611** | |
| Unique Paper Code | : **52411101** | **FC** |
| Name of the Paper | : **Financial Accounting** | |
| Name of the Course | : **B.Com. (Prog.) CBCS** | |
| Semester | : **I** | |

Duration : **3 Hours** Maximum Marks : **75**

**(Part A : 2½ Hrs., Part B : 30 Minutes)** **(Part A : 55 marks, Part B : 20 marks)**

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

**Note :** Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी :** इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेज़ी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

This question paper has *two* parts. Part A is compulsory for all the examinees. Part B is meant for only those examinees who have not offered Computerized Accounts.

Part A and Part B are to be answered on separate answer-books.

Attempt *All* questions. Show your working notes clearly.

इस प्रश्न-पत्र के **दो** भाग हैं। भाग 'अ' **सभी** परीक्षार्थियों के लिए अनिवार्य है। भाग 'ब' केवल उन परीक्षार्थियों के लिए है जिन्होंने कम्प्यूटरीकृत लेखांकन का विकल्प नहीं लिया है।

भाग 'अ' तथा भाग 'ब' दोनों को पृथक् उत्तर-पुस्तिका में करें।

**सभी** प्रश्न हल कीजिए। अपना परिकलन स्पष्ट रूप से दर्शायें।

## PART A

## (भाग 'अ')

1. State with reasons whether the following statements are true *or* false.

(*a*) Expenditure which results in the acquisition of a fixed asset of enduring benefits, is a capital expenditure.

(*b*) In India, accounting standard are issued by Securities and Exchange Board of India (SEBI).

(*c*) The provision for discount on debtors is calculated before deducting the provision for doubtful debts from debtors. 3

कारण सहित बताइये कि अधोलिखित कथन सत्य हैं **अथवा** असत्य :

(*a*) ऐसा व्यय जिसका परिणाम, दीर्घकालिक लाभ देने वाली स्थायी सम्पत्ति की प्राप्ति होता है, पूँजीगत व्यय होता है।

(*b*) भारत में, लेखांकन मानक, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI) द्वारा जारी किए जाते हैं।

(*c*) देनदारों पर छूट के प्रावधान का परिकलन, देनदारों में से संदिग्ध ऋण के प्रावधान को घटाने के बाद किया जाता है।

2. (*a*) Distinguish between wasting assets and fictitious assets by giving examples. 5

(*b*) Write short notes on any *two* of the following :

(*i*) Accrual Concept

(*ii*) Convention of Consistency

(*iii*) Limitations of Accounting 8

(*a*) क्षरणशील परिसम्पत्तियों तथा अवास्तविक परिसम्पत्तियों में, उदाहरण देकर, अन्तर्भेद कीजिए।

(*b*) अधोलिखित में से किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिये :

(*i*) उपार्जन अवधारणा

(*ii*) समरूपता की परिपाटी

(*iii*) लेखांकन की सीमाएँ।

*Or*

**(अथवा)**

(*c*) The following is the Trial Balance of Mr. Flipside as on 31st March, 2015 :

| **Particulars** (Debit) | ₹ | **Particulars** (Credit) | ₹ |
|---|---|---|---|
| Stock (1-4-2014) | 93,600 | Flipside's Capital | 1,73,380 |
| Purchases | 6,43,400 | Sales | 7,79,200 |
| Return Inwards | 17,200 | Return Outwards | 11,600 |
| Carriage Inwards | 37,200 | Sundry Creditors | 29,600 |
| Rent & Rates | 11,400 | Bank Loan @ 8% per annum | |
| Salaries | 18,600 | (1-4-2014) | 40,000 |
| Sundry Debtors | 48,000 | Miscellaneous Income | 1,100 |
| Interest on Bank Loan | 2,400 | Discount received | 8,380 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| Advertisement | 30,000 | | |
| Cash at Bank | 6,000 | | |
| Discount allowed | 3,600 | | |
| Furniture | 10,000 | | |
| General Expenses | 22,900 | | |
| Insurance | 1,800 | | |
| Postage and Telegrams | 4,660 | | |
| Cash in Hand | 760 | | |
| Travelling Expenses | 1,740 | | |
| Drawings | 80,000 | | |
| Computer | 10,000 | | |
| | 10,43,260 | | 10,43,260 |

*Adjustments* :

(*i*) Stock as on 31st March, 2015 was ₹ 1,09,000.

(*ii*) Sales include ₹ 5,000 for goods sold on approval basis. Goods are sold at a profit of 25 percent on cost. Approval was not received till 31st March, 2015.

(*iii*) Write off bad debts of ₹ 600. Create a provision for doubtful debts @ 5 percent.

(*iv*) Advertisement expenditure relates to launch of a new product. This amount is to be written off over a period of 5 years.

(*v*) Depreciate furniture @ 10% per annum and computer @ 20% per annum.

(*vi*) A new machinery was purchased on credit and installed on 31st March, 2015, costing ₹ 15,000. No entry for the same has yet been made in the books.

Prepare Trading Account, Profit and Loss Account for the year ending 31st March, 2015 and Balance Sheet as on that date after making necessary adjustments. 13

31 मार्च, 2015 को श्री फ्लिपसाइड की परीक्षण तालिका नीचे दी गई है :

| **ब्यौरे (डेबिट)** | ₹ | **ब्यौरे (क्रेडिट)** | ₹ |
|---|---|---|---|
| स्टॉक (1-4-2014) | 93,600 | फ्लिपसाइड की पूँजी | 1,73,380 |
| क्रय | 6,43,400 | बिक्री | 7,79,200 |
| अन्दर वापसी | 17,200 | बाहर वापसी | 11,600 |
| आवक पर भाड़ा | 37,200 | विभिन्न लेनदार | 29,600 |
| किराया तथा स्थानीय कर | 11,400 | बैंक ऋण @ 8% वार्षिक | |
| वेतन | 18,600 | (1-4-2014) | 40,000 |
| विभिन्न देनदार | 48,000 | विविध आय | 1,100 |
| बैंक ऋण पर ब्याज | 2,400 | छूट प्राप्त की | 8,380 |
| विज्ञापन | 30,000 | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| बैंक में रोकड़ | 6,000 | | |
| छूट दी गई | 3,600 | | |
| फर्नीचर | 10,000 | | |
| सामान्य व्यय | 22,900 | | |
| बीमा | 1,800 | | |
| डाक एवं टेलिग्राम | 4,660 | | |
| दस्ती रोकड़ | 760 | | |
| यातायात व्यय | 1,740 | | |
| आहरण | 80,000 | | |
| कम्प्यूटर | 10,000 | | |
| | 10,43,260 | | 10,43,260 |

**समायोजन :**

(*i*) 31 मार्च, 2015 को स्टॉक ₹ 1,09,000 था।

(*ii*) बिक्री की मद में अनुमोदन पर बिक्री के ₹ 5,000 शामिल हैं। माल, लागत पर 25% लाभ के आधार पर बेचा जाता है। 31 मार्च, 2015 तक माल का अनुमोदन प्राप्त नहीं हुआ था।

(*iii*) ₹ 600 डूबत ऋण के नाम लिखिये तथा संदिग्ध देनदारों के लिए 5% का प्रावधान कीजिए।

(*iv*) विज्ञापन व्यय, एक नए उत्पाद के विमोचन पर किया गया है तथा इस राशि को 5 वर्ष की अवधि में फैलाया जाना है।

(v) फर्नीचर पर 10% वार्षिक तथा कम्प्यूटर पर 20% वार्षिक की दर से ह्रास लगाइये।

(vi) 31 मार्च, 2015 को ₹ 15,000 लागत की एक नई मशीन उधार खरीदी गई तथा उसे स्थापित भी कर दिया गया। किन्तु इसके लिए पुस्तकों में कोई प्रविष्टि नहीं की गई।

आवश्यक समायोजन करते हुए, 31 मार्च, 2015 को समाप्य वर्ष के लिए व्यापार तथा लाभ-हानि खाता तैयार कीजिए तथा उस तिथि को तुलन-पत्र भी बनाइये।

3. (a) What do you mean by 'depreciation' ? Briefly explain the provisions of Accounting Standard 6 (AS-6). 5

(b) The following are the inventory details of Sri Mills for the month of October, 2015 :

| Date | Transaction | Units | Price per Unit (₹) |
|---|---|---|---|
| 1-10-2015 | Opening Stock | 1100 | 30 |
| 7-10-2015 | Purchases | 700 | 32 |
| 15-10-2015 | Issued for Consumption | 600 | — |
| 16-10-2015 | Purchases | 500 | 35 |
| 20-10-2015 | Issued for Consumption | 1300 | — |
| 29-10-2015 | Purchases | 750 | 37 |
| 31-10-2015 | Issued for Consumption | 475 | — |

Prepare Stores Ledger Account and calculate value of closing stock as per FIFO and LIFO method under perpetual system of inventory valuation. 8

(*a*) मूल्यह्रास से आप क्या समझते हैं ? लेखांकन मानक-6 (AS-6) के प्रावधान संक्षेप में समझाइये।

(*b*) नीचे श्री मिल्स की अक्टूबर, 2015 माह की इनवेन्टरी का विवरण दिया गया है :

| **दिनांक** | **विवरण** | **इकाइयाँ** | **प्रति इकाई मूल्य (₹)** |
|---|---|---|---|
| 1-10-2015 | आरम्भिक स्टॉक | 1100 | 30 |
| 7-10-2015 | क्रय कीं | 700 | 32 |
| 15-10-2015 | उपयोग के लिए जारी | 600 | — |
| 16-10-2015 | क्रय कीं | 500 | 35 |
| 20-10-2015 | उपयोग के लिए जारी | 1300 | — |
| 29-10-2015 | क्रय कीं | 750 | 37 |
| 31-10-2015 | उपयोगार्थ जारी | 475 | — |

स्टोर्स लैजर खाता तैयार कीजिए तथा इनवेन्टरी मूल्यांकन की सतत पद्धति के अनुरूप FIFO तथा LIFO विधियों द्वारा अन्तिम स्टॉक का मूल्य ज्ञात कीजिए।

*Or*

(अथवा)

(*c*) The following is Receipts and Payments Account of Countryside Club for the year ended 31st March, 2015 :

**Receipts and Payments Account**

**For the year ending 31st March, 2015**

| **Receipts** | **Amount (₹)** | **Payments** | **Amount (₹)** |
|---|---|---|---|
| Cash in hand (1-04-2014) | 22,500 | Bank Overdraft (1-04-2014) | 46,500 |
| Subscriptions : | | Sofa purchased on 1-04-2014 | 21,750 |
| 2013-14 4,500 | | Honorarium to Singer | 45,000 |
| 2014-15 2,43,000 | | Salaries | 43,500 |
| 2015-16 2,250 | 2,49,750 | Sundry Expenses | 49,500 |
| Donations | 4,350 | Drama Expenses | 13,350 |
| Life Membership Fees | 10,050 | Stationery | 21,300 |
| Interest on Securities | 7,200 | Balance as 31st March, 2015 : | |
| Sale proceeds on Old | | Cash in Hand | 8,250 |
| Cupboard (Nil Book Value) | 1,800 | Cash at Bank | 46,500 |
| | 2,95,650 | | 2,95,650 |

Prepare Income and Expenditure Account for the Club for the year ended 31st March, 2015 and Balance Sheet as at that date having due regard to the following additional information :

(*i*) Stock of Stationery on 31st March, 2014 was ₹ 1,875 and on 31st March 2015 was ₹ 1,305.

(*ii*) Outstanding Salaries for the year amounted to ₹ 8,250.

(*iii*) The club has 2160 members paying annual subscription of ₹ 125 each.

(*iv*) Prepaid Sundry Expenses on 31st March, 2014 were ₹ 1,980.

(*v*) As on 31st March, 2014, Building stood at ₹ 3,67,500; Computer at ₹ 15,000 and Investments at ₹ 97,500.

(*vi*) Depreciate building, sofa and computer @ 6% per annum. 13

31 मार्च, 2015 को समाप्य वर्ष के लिए आपको कन्ट्रीसाइड क्लब का प्राप्ति तथा भुगतान खाता दिया गया है तथा कुछ अतिरिक्त जानकारी भी दी गई है :

**प्राप्ति और भुगतान खाता**

**31 मार्च, 2015 को समाप्य वर्ष के लिए**

| प्राप्तियाँ | (₹) | भुगतान | (₹) |
|---|---|---|---|
| दस्ती रोकड़ (1-04-2014) | 22,500 | बैंक ओवरड्राफ्ट (1-04-2014) | 46,500 |
| अंशदान : | | सोफा (1- 4-2014 को खरीदा) | 21,750 |
| 2013-14 4,500 | | गायक को मानदेय | 45,000 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2014-15 2,43,000 | | वेतन | 43,500 |
| 2015-16 2,250 | 2,49,750 | विविध व्यय | 49,500 |
| दान | 4,350 | ड्रामा का खर्च | 13,350 |
| आजीवन सदस्यता फीस | 10,050 | स्टेशनरी | 21,300 |
| प्रतिभूतियों पर ब्याज | 7,200 | 31 मार्च, 2015 को शेष : | |
| पुरानी अलमारी की बिक्री | | दस्ती रोकड़ | 8,250 |
| (शून्य पुस्तकीय मूल्य) | 1,800 | बैंक में रोकड़ | 46,500 |
| | 2,95,650 | | 2,95,650 |

31 मार्च, 2015 को समाप्य वर्ष के लिए क्लब का आय और व्यय खाता बनाइये तथा निम्नलिखित अतिरिक्त जानकारी के सन्दर्भ में तुलन-पत्र बनाइये :

(*i*) स्टेशनरी का स्टॉक 31 मार्च 2014 को ₹ 1,875 था तथा 31 मार्च 2015 को ₹ 1,305 था।

(*ii*) वर्ष के लिए देय वेतन ₹ 8,250 था।

(*iii*) क्लब के 2,160 सदस्य हैं तथा प्रत्येक का वार्षिक अंशदान ₹ 125 है।

(*iv*) 31 मार्च, 2014 को विविध व्यय में ₹ 1,980 पूर्व दत्त थे।

(*v*) 31 मार्च, 2014 को भवन ₹ 3,67,500; कम्प्यूटर ₹ 15,000 तथा निवेश ₹ 97,500 थे।

(*vi*) भवन, सोफा तथा कम्प्यूटर पर 6% वार्षिक की दर से मूल्यह्रास लगाइये।

4. (*a*) Angel Cabs purchased 3 cars costing ₹ 5,00,000 each from Freedom Motors on 1st April 2012 on hire-purchase basis. The terms of delivery were as follows :

(*i*) 20% of the cash price to be paid on signing the agreement.

(*ii*) Balance in three annual instalments plus interest.

(*iii*) Interest is charged on outstanding balance @ 10% per annum.

(*iv*) Depreciation to be charged @ 20% as per diminishing balance method.

Angel Cabs could not pay the final instalment. Freedom Motors repossessed 2 cars on 31st March, 2015 by charging depreciation @ 30% as per diminishing balance method. Additionally, they spent ₹ 40,000 on repairs and sold the 2 cars for a total price of ₹ 4,00,000. Assume that their books are closed on 31st March every year. Show Cars Account and Freedom Motors Account in the books of Angel Cabs and Angel Cabs's Account and Goods Repossessed Account in the books of Freedom Motors. 13

1 अप्रैल, 2012 को एन्जल कैब्स ने फ्रीडम मोटर्स से 3 कारें, ₹ 5,00,000 प्रति कार की लागत पर किराया-क्रय आधार पर खरीदा। सुपुर्दगी की शर्तें निम्न थीं :

(*i*) समझौते पर हस्ताक्षर करने के समय नगद मूल्य का 20% भुगतान।

(*ii*) शेष का भुगतान ब्याज समेत तीन किश्तों में।

(*iii*) ब्याज, देय शेष पर 10% वार्षिक की दर से लगाया जाएगा।

(*iv*) मूल्यह्रास 20% की दर से घटते शेष विधि से लगाया जाएगा।

एन्जल कैब्स अन्तिम किश्त का भुगतान नहीं कर पाए। परिणामस्वरूप फ्रीडम मोटर्स ने घटते शेष विधि से 30% ह्रास लगाकर 2 कारें ज़ब्त कर लीं। इसके अतिरिक्त उन्होंने ₹ 40,000 मरम्मत पर खर्च किए तथा दोनों कारें कुल ₹ 4,00,000 की कीमत पर बेच दीं। मान लीजिए वे अपनी पुस्तकें प्रति वर्ष 31 मार्च को बन्द करते हैं। एन्जल कैब्स की पुस्तकों में कार खाता तथा फ्रीडम मोटर्स खाता दर्शाइये तथा फ्रीडम मोटर्स की पुस्तकों में एन्जल कैब्स खाता तथा माल जब्ती खाता तैयार कीजिए। 13

*Or*

**(अथवा)**

(*b*) Dinesh and Vikas jointly underwrite and place on the market 50,000 shares of Neha Photocopiers Ltd. of ₹ 10 each. It was agreed with the company that they would be allotted 2,000 shares as fully paid towards their remuneration. Their profit-sharing ratio is 3 : 2.

Applications were received from the public only for 45,000 shares. Dinesh paid ₹ 4,000 for printing and advertisement in addition to 60% of the amount required to take up undersubscription. Vikas financed the balance amount. These are accounted for through Joint Bank Account. All the shares including those allotted for remuneration were sold. Dinesh sold ₹ 3,000 shares for ₹ 35,000 and Vikas sold the remaining shares for ₹ 48,000, Vikas incurred expenses of ₹ 2,000. Sale proceeds were retained individually. Prepare Joint Venture Account, Joint Bank Account and Co-venturers' Accounts. 13

दिनेश तथा विकास ने संयुक्त रूप से, नेहा फोटोकॉपियर्स लिमिटेड के ₹ 10 प्रति शेयर के 50,000 शेयर जारी करने तथा उनकी गारन्टी लेने का काम शुरू किया। यह तय हुआ कि कम्पनी उन्हें उनके पारिश्रमिक के तौर पर पूर्ण भुगतान प्राप्त 2000 शेयर आबन्टित किए जाएँगे। उनका लाभ-हानि वहन करने का अनुपात 3 : 2 है।

कम्पनी के शेयर जारी किए गए तथा जनता से केवल 45,000 शेयर के आवेदन प्राप्त हुए। दिनेश ने अल्प-अभिदत्त शेयर्स को लेने के लिए आवश्यक राशि का 60% दिया तथा मुद्रण एवं विज्ञापन के लिए ₹ 4,000 खर्च किए। विकास ने शेष राशि का भुगतान किया। ये सभी क्रिया-कलाप एक संयुक्त बैंक खाते के माध्यम से किए गए। पारिश्रमिक के लिए आंबटित शेयर्स सहित सभी शेयर्स बेच दिए गए। निदेश ने ₹ 3,000 शेयर ₹ 35,000 में बेचे तथा विकास ने शेष शेयर ₹ 48,000 में बेच दिए। विकास ने ₹ 2,000 खर्चों के लिए दिए। बिक्री से प्राप्त धनराशि दोनों ने अपने-अपने पास रख ली। संयुक्त उद्यम खाता, संयुक्त बैंक खाता तथा संयुक्त उद्यमियों के खाते तैयार कीजिए।

5. (*a*) XYZ company is having its head office at Gwalior and has a branch at Surat. Goods are invoiced to branch at cost plus $33\frac{1}{3}$%. The following information is given for the year ended 31st March, 2015 :

| **Particulars** | ₹ |
|---|---|
| Branch Stock (Invoice Price) as on 1-04-2014 | 55,200 |
| Branch Debtors as on 1-04-2014 | 69,000 |

| | |
|---|---|
| Branch Stock (Invoice Price) as on 31-3-2015 | 1,10,400 |
| Branch Debtors as on 31-03-2015 | 83,950 |
| Good sent to Branch (Invoice Price) | 11,04,000 |
| Return of goods by Customers to Branch | 13,800 |
| Cash Sales | 4,14,000 |
| Collection from Debtors | 6,21,000 |
| Branch Expenses | 1,23,050 |
| Discount Allowed | 2,300 |
| Normal Loss | 1,000 |
| Bad Debts | 3,450 |
| Branch Debtors' cheque dishonoured | 11,500 |

Prepare :

(*i*) Surat Branch Stock Account

(*ii*) Surat Branch Debtors Account

(*iii*) Surat Branch Adjustment Account

(*iv*) Surat Branch Profit and Loss Account 13

XYZ का प्रधान कार्यालय ग्वालियर में तथा शाखा सूरत में है। शाखा को लागत जमा $33\frac{1}{3}\%$ के बीजक मूल्य पर माल भेजा जाता है। निम्न जानकारी, 31 मार्च, 2015 को समाप्य वर्ष के लिए उपलब्ध हैं :

| विवरण | ₹ |
|---|---|
| शाखा स्टॉक बीजक मूल्य पर (1-04-2014) | 55,200 |
| शाखा देनदार (1-04-2014) | 69,000 |
| शाखा स्टॉक बीजक मूल्य पर (31-3-2015) | 1,10,400 |
| शाखा देनदार (31-03-2015) | 83,950 |
| शाखा को माल भेजा (बीजक मूल्य) | 11,04,000 |
| ग्राहकों द्वारा शाखा को माल वापसी | 13,800 |
| नगद बिक्री | 4,14,000 |
| देनदारों से प्राप्त राशि | 6,21,000 |
| शाखा द्वारा किए गए खर्चे | 1,23,050 |
| दत्त छूट | 2,300 |
| सामान्य क्षति | 1,000 |
| बट्टे खाते | 3,450 |
| शाखा देनदारों के अस्वीकृत चेक | 11,500 |

तैयार कीजिए :

(*i*) सूरत शाखा स्टॉक खाता

(*ii*) सूरत शाखा देनदार खाता

(*iii*) सूरत शाखा समायोजन खाता

(*iv*) सूरत शाखा लाभ तथा हानि खाता।

*Or*

**(अथवा)**

(*b*) SV Silks, Varanasi consigned 1400 sarees to Modern Fabrics of Pune @ ₹ 1,050 per unit on 1st July 2014. The consignor paid ₹ 15,000 towards freight and carriage and ₹ 6,000 towards insurance. 35 sarees were totally destroyed for which insurance company paid ₹ 5,250 in full settlement of the claim.

Modern Fabrics took the delivery of consignment on 10th July 2014 and accepted a bill drawn on them by SV Silks, Varanasi for ₹ 1,05,000 for 3 months. On 31st July, Modern Fabrics reported that 1225 sarees were sold for ₹ 1,750 per unit after incurring following expenses : Advertisement ₹ 3,500, Salaries ₹ 10,500 and Rent ₹ 3,500.

Commission payable to consignee is @ 5% on total sales plus del credere of 2% on total sales. Modern Fabrics sold the remaining stock for ₹ 78,750 on credit to Mr. X, who was declared bankrupt after a month and only 20p in a rupee was realized from him.

Show Consignment Account and Modern Fabrics Account in the books of SV Silks. 8

एस.वी. सिल्क, वाराणसी ने 1 जुलाई, 2014 को ₹ 1,050 प्रति इकाई की दर से 1400 साड़ी मॉडर्न फैब्रिक्स, पुणे को प्रेषित कीं। प्रेषक ने भाड़े व ढुलाई के लिए ₹ 15,000 तथा बीमे के लिए ₹ 6,000 खर्च किए। 35 साड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं तथा उसके लिए बीमा कम्पनी ने दावे के पूर्ण निपटान में ₹ 5,250 का भुगतान किया। मॉडर्न फैब्रिक्स ने प्रेषित माल 10 जुलाई, 2014 को प्राप्त किया तथा एस.वी. सिल्क द्वारा लिखित 3 माह का ₹ 1,05,000 का विनिमय बिल स्वीकार किया। 31 जुलाई को मॉडर्न फैब्रिक्स ने सूचना दी कि उन्होंने 1,225 साड़ियाँ ₹ 1,750 की दर से बेच दीं तथा विज्ञापन पर ₹ 3,500, वेतन पर ₹ 10,500 तथा किराए पर ₹ 3,500 खर्च किए। प्रेषणी को सकल बिक्री पर 5% की दर से कमीशन तथा 2% की दर से डेल क्रेडर कमीशन देय है। मॉडर्न फैब्रिक्स ने शेष माल श्री एक्स को ₹ 78,750 में उधार बेचा। लेकिन मात्र एक माह बाद ही एक्स दीवालिया घोषित हो गए तथा उनसे रुपये में केवल 20 पैसे ही वसूल हो पाए।

एस.वी. सिल्क की पुस्तकों में प्रेषण खाता तथा मॉडर्न फैब्रिक्स खाता तैयार कीजिए।

(*c*) How will you treat normal and abnormal loss of stock in branch accounting according to Debtors' system ? 5

डेटर पद्धति से शाखा लेखांकन में सामान्य तथा असामान्य क्षति को कैसे दर्शाया जाता है ?

## PART B

## (भाग 'ब')

6. (*a*) Write a short note on maximum possible loss method of piecemeal distribution. 5

(*b*) VK, PK and DK were equal partners and their Balance Sheet as on 31-3-2015 was as follows :

| Liabilities | Amount (₹) | Assets | Amount (₹) |
|---|---|---|---|
| Creditors | 2,00,000 | Plant and Machinery | 1,00,000 |
| Bank Loan (secured against Plant and Machinery) | 50,000 | Land and Building | 1,15,000 |
| | | Furniture and Fixtures | 40,000 |
| VK's Loan | 65,000 | Inventory | 40,000 |
| Capital Accounts : | | Debtors | 35,000 |
| VK | 40,000 | Computer | 15,000 |
| DK | 25,000 | Cash in hand | 2,500 |
| | | PK's Capital | 32,500 |
| | 3,80,000 | | 3,80,000 |

The firm was dissolved on the above date. VK and DK could not contribute anything and PK contributed ₹ 10,000 only. All of them were declared insolvent.

Assets realized the following amounts :

Inventory ₹ 2,500, Plant and Machinery ₹ 50,000, Land and Building ₹ 40,000, Furniture and Fixtures ₹ 10,000, Debtors ₹ 19,250 and Computer ₹ 8,250. Realization expenses amounted to ₹ 2,500.

Prepare Realisation Account, Partners' Capital Account, Deficiency Account, Cash Account and Liabilities Account. 15

(*a*) टुकड़े-टुकड़े वितरण में अधिकतम संभाव्य हानि पद्धति पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये।

(*b*) VK, PK तथा DK समान साझेदार हैं तथा 31-3-2015 को उनका तुलन-पत्र इस प्रकार था :

| **देयताएँ** | (₹) | **सम्पत्तियाँ** | (₹) |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 2,00,000 | प्लांट तथा मशीन | 1,00,000 |
| बैंक ऋण (प्लांट एवं मशीनरी | | भूमि तथा भवन | 1,15,000 |
| के विरुद्ध रक्षित) | 50,000 | फर्नीचर एवं फिक्सचर | 40,000 |
| VK का ऋण | 65,000 | इनवेन्टरी | 40,000 |
| पूँजी खाते : | | देनदार | 35,000 |
| VK | 40,000 | कम्प्यूटर | 15,000 |
| DK | 25,000 | दस्ती रोकड़ | 2,500 |
| | | PK की पूँजी | 32,500 |
| | 3,80,000 | | 3,80,000 |

उपर्युक्त तिथि को फर्म को भंग कर दिया गया। VK तथा DK कुछ भी योगदान नहीं दे पाए तथा PK का योगदान केवल ₹ 10,000 हो पाया। उन सबको दीवालिया घोषित कर दिया गया।

सम्पत्तियों से वसूली इस प्रकार रही :

इनवेन्टरी ₹ 2,500, प्लान्ट तथा मशीन ₹ 50,000, भूमि तथा भवन ₹ 40,000, फर्नीचर एवं फिक्सचर ₹ 10,000, देनदार ₹ 19,250 तथा कम्प्यूटर ₹ 8,250. वसूली के खर्चे ₹ 2,500 हुए।

वसूली खाता, साझेदारों के पूँजी खाते, कमी (deficiency) खाता, रोकड़ खाता तथा देयता खाता तैयार कीजिए।

*Or*

**(अथवा)**

(*a*) Briefly explain the ruling of Garner *Vs.* Murray and its applicability in India. 5

(*b*) A, B and C are in partnership sharing profits in the ratio of 3 : 1 : 1 respectively, they dissolved their partnership on 31st March, 2014, when the Balance Sheet of the firm stood as under :

**Balance Sheet as on 31st March, 2014**

| **Liabilities** | **Amount (₹)** | **Assets** | **Amount (₹)** |
|---|---|---|---|
| Creditors | 30,000 | Bank | 37,500 |
| Bills Payable | 25,000 | Debtors | 58,000 |
| B's Loan | 40,000 | Stock | 39,500 |
| Capital Accounts : | | Investments | 42,000 |
| A | 90,000 | Machinery | 48,000 |
| B | 75,000 | Building | 90,000 |
| C | 55,000 | | |
| | 3,15,000 | | 3,15,000 |

The machinery was taken over by B for ₹ 45,000. A took over the investments for ₹ 40,000. Building was taken over by C for ₹ 95,000. The remaining assets realized as under :

| | |
|---|---|
| Debtors | ₹ 56,500 |
| Stock | ₹ 36,500 |

Creditors were settled at a discount of 5%. Bills payable were taken over by C for ₹ 23,000. The liabilities amounting to ₹ 3,000 not shown in the books were also paid. An office computer not shown in the books of the firm realized ₹ 9,000. Realisation expenses amounted to ₹ 3,000.

To close the books of the firm, you are required to prepare Realisation Account, Partners' Capital Account and Bank Account. 15

(*a*) गार्नर बनाम मरे केस में प्रतिपादित नियम का संक्षिप्त वर्णन कीजिए तथा बताइये कि क्या यह भारत में लागू होता है ?

(*b*) A, B तथा C साझेदार हैं तथा 3 : 1 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि वहन करते हैं तथा 31 मार्च 2014 को साझेदारी भंग करने का निर्णय करते हैं। उस दिन उनका तुलन-पत्र इस प्रकार था :

**31 मार्च 2014 को तुलन-पत्र**

| देयताएँ | मूल्य (₹) | सम्पत्तियाँ | मूल्य (₹) |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 30,000 | बैंक | 37,500 |
| देय विनिमय बिल | 25,000 | देनदार | 58,000 |
| B का ऋण | 40,000 | स्टॉक | 39,500 |
| पूँजी खाते : | | निवेश | 42,000 |
| A | 90,000 | मशीनरी | 48,000 |
| B | 75,000 | भवन | 90,000 |
| C | 55,000 | | |
| | 3,15,000 | | 3,15,000 |

B ने ₹ 45,000 में मशीनरी ले ली, A ने ₹ 40,000 में निवेश लिए तथा C ने ₹ 95,000 में भवन को ले लिया। शेष सम्पत्तियों से वसूली इस प्रकार हुई :

देनदारों से ₹ 56,500

स्टॉक से ₹ 36,500

लेनदारों को 5% छूट पर निपटान किया तथा देय विनिमय बिल को C ने निपटान के लिए ₹ 23,000 में लिया। ₹ 3,000 का अदत्त देयताओं, जिन्हें पुस्तकों में नहीं दिखाया गया, का भुगतान भी करना पड़ा। कार्यालय का एक कम्प्यूटर, जिसे भी पुस्तकों में नहीं दर्शाया गया, बेच दिया गया और उससे ₹ 9,000 वसूल हुए। वसूली का खर्च ₹ 3,000 आया।

फर्म की पुस्तकों को बन्द करने के लिए वसूली खाता, बैंक खाता तथा साझेदारों के पूँजी खाते तैयार कीजिए।